तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 7 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



05 मांगों व समस्याओं के निराकरण के लिए आम...





06 जवाहर नवोदय विद्यालय में धूमधाम...





स्थापना वर्ष 2014

VIPS

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।

मोबा. 9340751120, 9131330801

गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध

पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)

COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year


## खबर संक्षेप



### बाल संसद का गठन उर्वशी बनीं प्रधानमंत्री

**बेमेतरा।** बैगलेस डे पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा विकासखंड साजा में बाल संसद का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शाला के बच्चों द्वारा कु.उर्वशी यादव (8वीं) की छात्रा को प्रधानमंत्री पद के लिये चुना गया। इसी प्रकार सर्वसम्मति से समस्त पदों के लिए चुना गया। उपप्रधानमंत्री कु रुखमणी सिन्हा(8वीं), शिक्षामंत्री कु भुनेश्वरी(8वीं), खादयमंत्री तुमेश्वर (7वीं), वित्तमंत्री कु रमा(8वीं), सांस्कृतिक मंत्री कु हिमांगी(7वीं), महिला एवं बाल विकास मंत्री कु वेदिका(8वीं), जलमंत्रि देव यादव(7वीं), स्वास्थ्य मंत्री कु. सुहाना(8वीं), खेल मंत्री कु.सावित्री ,पर्यावरण सुरक्षा मंत्री - दिनेश(7वीं) बनाया गया है। इसी प्रकार से कक्षा प्रभारी कप्तान का भी चयन किया गया। जिसमें कक्षा प्रभारी कप्तान रिया, उपकप्तान राज वर्मा 8वीं, कप्तान-कु.दुर्गेश्वरी(7वीं) उपकप्तान-पुरुषोत्तम (7वीं) कप्तान - भारती साहू(6वीं), उपकप्तान - समरपाटिल (6वीं) गठन पश्चात सभी मंत्रीयों को अपने-अपने दायित्वों के अच्छे से निर्वहन के लिए शपथ ग्रहण कराई गई।

### प्लेसमेंट कैंप कल

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते हैं, उन्हें अवसर प्रदान करने के उदेश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रूम न. 65 में 8 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निजी कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, , लेडीज गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यता 8वीं से 12वीं है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।


## हादसा : नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी की घटना

# सांप ने डसा, समय पर उपचार नहीं मिलने से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

थाना नवागढ़ के अंतर्गत ग्राम सिवनी में अपनी बाड़ी में काम करने के दौरान साँप के डसने से अधेड़ की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 02 बजे लखन वर्मा पिता रामकिशन वर्मा उम्र 55 अपनी बाड़ी में सफाई का काम कर रहा था। इसी बीच जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया।

मरीज को शाम करीब 04 बजे उसे नवागढ़ अस्पताल लाया गया, तब तक मरीज की हालत बहुत खराब हो चुकी थी। जहर शरीर में फैल चुका था, डॉक्टर ने एंटी वेनम लगाकर जहर को कम करने की कोशिश की, लेकिन हालात को बिगड़ता देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुँचते तक वह अचेत था, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत ▶▶|शेष पेज 4 पर



### कोबरा का बच्चा मिला

परिजनों की सूचना पर पर मौके जाकर सर्प मित्र मनीष शुक्ला एवं उनकी टीम ने घटनास्थल पर काफी मशक्कत किया। हालांकि कोई बड़ा सांप पकड़ में नहीं आया। लेकिन कोबरा का एक बच्चा जरूर पकड़ में आया, जिसे सुरक्षित वहां से रेस्क्यू कर लिया गया।

### अस्पताल लाने में देरी, कहीं झाड़-फूंक तो वजह नहीं

उल्लेखनीय है कि मरीज को घटना के दो घण्टे बाद अस्पताल लाया गया, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसे स्थानीय स्तर पर झाड़फूंक के जरिए ठीक करने की कोशिश की गई लेकिन हालात और बिगड़ गई। वहीं परिजनों को कहना है कि 108 एम्बुलेंस देरी से पहुंची, जिसके कारण लेट हुआ। फिलहाल वास्तविकता का पता नहीं चल पाया है, लेकिन मरीज की हालात ऐसी हो गई कि दवाई भी जहर का असर कम करने में नाकाम साबित हुई।

# शिक्षकों का प्रशिक्षण 15 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

15 जुलाई से होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण व सीएसी प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर डाइट में बीईओ बीआरसी की बैठक आयोजित की गई। चारों विकास खंड के बीईओ एवं बीआरसी की बैठक डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक के दौरान विकासखंडस्तर पर 15 से 19 जुलाई तक होने वाले 5 दिवसीय गैर आवासीय अंग्रेजी विषय शिक्षक प्रशिक्षण तथा 15 से 19 जुलाई तक डाइट बेमेतरा में होने वाले संकुल समन्वयकों की 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के संदर्भ में विस्तार से चर्चा कर विस्तृत योजनाएं बनाई गई। प्राचार्य डाइट

■ तैयारियों को लेकर डाइट में हुई अधिकारियों की बैठक

जेके घृतलहरे ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर 15 से 19 जुलाई तक होने वाले 5 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑफलाइन किया जाएगा। प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर से प्रशिक्षित जिला स्त्रोत व्यक्ति देंगे। प्राथमिक स्तर तक के शिक्षकों के प्रशिक्षण के बाद अगस्त महीने में माध्यमिक विभाग के शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। उसके बाद सितंबर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। शिक्षकों का प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न होगा। पहला चरण 15 से 19 जुलाई तक तथा दूसरा चरण 22 से 26 जुलाई तक विकासखंड में संपन्न होगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतया गैर आवासीय होगा। प्रशिक्षणार्थियों के लिए टीए, डीए एवं चाय भोजन की व्यवस्था रहेगी। विकासखंड स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 तक रहेगा। एक ही समय में यह प्रशिक्षण जिले के तीन विकासखंडो में साजा, बेरला और नवागढ़ में आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक विकास खंड में पांच दिवसीय ▶▶|शेष पेज 4 पर

# शासकीय उमा विद्यालय बारगांव के दो छात्र हॉकी एकेडमी बिलासपुर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम बारगांव का नाम हर एक व्यक्ति के जहन में रहता, खेलों के लिए हमेशा बारगांव का नाम आगे रहता है। आए दिन यहा से छात्र- छात्राएं किसी न किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेते देखा जा सकते हैं। बारगांव को खेल गांव के नाम से जाना जाने लगा है और प्रसिद्ध हो रहा है। बारगांव खेलो के माध्यम से नया आयाम स्थापित कर रहा है।

व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू की बारगांव के शास.उच्च.माध्य.विद्यालय में व्यायाम शिक्षिका पर पद पर अपना कार्यभार सभालने के पश्चात हाकी खेल में हर रोज नया आयाम गढ़ रही है। बिलासपुर में हुए हॉकी एकेडमी ट्रायल में बारगांब के बच्चों ने भी




■ खिलाड़ियों को लगातार मिल रही सफलता से हो रहा खेलगांव के नाम से प्रसिद्ध

भाग लिया था। जिसमें से दो छात्रों का चयन हाकी एकेडमी बिलासपुर के लिए हुआ है। विद्यालय की कक्षा 10 वीं के छात्र चिंता राम पटेल एवं कक्षा 11 वीं के छात्र विजय विश्वकर्मा का का चयन हुआ है। अभी हाल ही में राजनादगांव में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भी दोनों खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया था। व्यायाम शिक्षिका व कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में 3 बच्चे हॉकी एकेडमी में रहकर खेल का गुण सीख रहे हैं। जिसमें से डाली निषाद हॉकी एकेडमी बिलासपुर एवं तुषा यादव, कुमारी सजना निषाद हाकी एकेडमी राजनांदगांव में है। गांव 5 बच्चे अब हॉकी एकेडमी में रहकर खेलों की बारीकियां सीखेंगे। व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू रोजाना सुबह-शाम स्कूल ग्राउंड में छात्र-छात्राओं को निरंतर अभ्यास कराकर हाकी खेल का गुर सिखाती हैं। अभी हाल ही के छत्तीसगढ़ हाकी संघ द्वारा राजनादगांव के इंटरनेशनल हाकी स्टेडियम में 5 वीं सब जूनियर ▶▶|शेष पेज 4 पर

# देवकर नगर में चातुर्मास सन्तों का भव्य मंगल प्रवेश आज

**बेमेतरा/देवकर।** नगर देवकर में जैन श्री संध द्वारा 2024 चातुर्मास का भव्य आयोजन किया जा रहा है। चातुर्मास सम्पन्न कराने चार सन्तों का सानिध्य





प्राप्त हो रहा है। छत्तीसगढ़ प्रवर्तक नवकार मंत्र के साधक पण्डित रत्न श्रमण संघीय श्री रतन मुनी जी के सुशिष्य डॉ. सतीश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा चार के सानिध्य में यह चातुर्मास सम्पन्न होगा। चातुर्मास सन्तों का भव्य मंगल प्रवेश सात जुलाई को गाजे-बाजे के साथ होगा। यह प्रवेश धमधा रोड़ नैना फ्यूल्स के पास रमेश सुरना के निजी दुकान से होगा, जो मुख्य मार्ग होते हुए गांधी चौक जैन भवन जायेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से दुर्ग सांसद विजय बधेल, पूर्व ▶▶|शेष पेज 4 पर

# जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा ने किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनसंघ के संस्थापक पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बेमेतरा भाजपा कार्यालय में मनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनकी तैलचित्र पर फुल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उनके राजनैतिक जीवन का बखान किया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी केन्द्रीय मंत्री थे। उन्होने अपने मंत्री पद से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। बाद में वही जनसंघ की दिया छाप पार्टी 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी । मुखर्जी जी ने जनसंघ की स्थापना राष्ट्रवाद एवं हिन्दुत्व के विचारधारा को लेकर की थी । उनको लगा की कांग्रेस जो उस समय का बहुत बड़ा राजनैतिक दल था और उसको बेहतर चुनौती देने के लिए एक मजबूत और राष्ट्रवाद राजनैतिक दल की स्थापना होनी चाहिए। ऐसा सोचकर उन्होने राष्ट्रीय स्वयं संघ में काम करने वाले स्वयंसेवकों के साथ मिलकर पार्टी का गठन किया। जम्मू कश्मीर में 370 को लेकर आंदोलन खड़ा करने वाले वह पहले व्यक्ति थे । तत्कालीन समय में जम्मू कश्मीर का संविधान झंडा अलग था। वहा जाने के लिए परमिशन की आवश्यकता थी । मुखर्जी जी ने इसका विरोध किया और एक बहुत बड़ा सत्याग्रह किया। जिसके परिणाम स्वरूप ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में मनाई जयंती


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411



ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY



In Collaboration with
RUSHFORD INDIANATECH HENRY HARVIN SSBM

Admission open 2024-25
Apply Now

+91-91092-44444
+91-91093-33333

City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010

Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996

Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance

Advanced Specialization Programmes
▶ Artificial Intelligence (AI),
▶ Machine Learning (ML),
▶ Full Stack Development,
▶ Internet of Things (IoT),
▶ Cyber Security,
▶ UI/UX,
▶ Digital Marketing,
▶ Data Science,
▶ Business Analytics,

PHARMACY
D-Pharma I B-Pharma I M-Pharma I Ph.D
LAW
LLB I LLM I BBA-LLB I BA-LLB I Ph.D I
MANAGEMENT
BBA I MBA I EMBA I DBA I PGDBA I Ph.D I
BBA (Industry Integrated) I
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma I B.Sc (Hons) I M.Sc (Fashion, Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA I PGDCA I BCA I MCA I Ph.D I
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib I M.lib I Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma I B.Tech I M.Tech I Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc I B.Sc (Hons) I M.Sc I Ph.D
COMMERCE
B.Com I M.Com I Ph.D I
B.Com(Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma I BA (Hons) I MA I Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANITIES
BSW I MSW I BA I BA (Hons) I MA I Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma I BA (Hons) I B.Sc (Hons)
I MA I Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

## खबर संक्षेप



### सीएसईबी अफसरों और कर्मियों ने पौधे लगाने का लिया संकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतर्गत नगर वृत्त-1 में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर वृत्त-1 अंतर्गत 4 संभागों में लगभग 1000 वृक्ष लगाने का संकल्प अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाया गया। साथ ही उनके डगनिया, इंद्रप्रस्थ, आईएसबीटी एवं पुरैना कार्यालय अंतर्गत लगभग 500 पौधे लगाए गए। श्री वर्मा ने बताया को पौधारोपण पूरे सप्ताह उनके कार्यालयों अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री विनोद तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, एके निवदिंग, अरुण वर्मा एवं पीके सिंग शामिल हुए।

### लायंस क्लब रायपुर सीनियर का शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर की वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हुआ, जिसमें वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजे एफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी मुख्य अतिथि, लायन रंजना क्षेत्रपाल पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम के संयोजक लायन डॉ. निरंजन हरितवाल तथा लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता ने शपथ अधिकारी के रूप में नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष लायन अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, लायन गजानंद अग्रवाल सचिव लायन दीपक सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन दिवाकर अवस्थी, टेमर लायन महेश अग्रवाल, टेलतविस्तार लायन धर्मेंद्र चौधरी, पीआरओ लायन गोपाल चोपड़ा, मेम्बरशिप कमेटी लायन संतोष गुप्ता, कार्यकारिणी- लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, लायन प्रकाश दावड़ा, लायन दिलीप भल्ला, लायन अरविंद चौबे, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन प्रेम नारायण गुप्ता शामिल हैं।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को उन्हें नमन किया। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने जिले के श्रमवीरों के 4 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बच्चों को मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत दिया गया 2-2 लाख रुपये का चेक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के श्रमवीरों के 4 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। श्री साय ने विगत दिनों रायपुर निवास में आयोजित कार्यक्रम में 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आने वाले बालोद जिले के 04 मेधावी विद्यार्थियों को श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 02–02 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी बच्चों के प्रावीण्य सूची में आने पर उन्हें 01–01 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता





है। इसके साथ ही सभी मेधावी विद्यार्थियों को ई–स्कूटी क्रय करने हेतु 01–01 लाख रूपये के मान से कुल 02–02 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है।



सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों में जिले के ग्राम अर्जुनी के छात्र तोषण कुमार, ग्राम भानपुरी के छात्र खोमेन्द्र कुमार, ग्राम उसरवारा की छात्र पद्मनी शांडिल्य एवं ग्राम धनेली की छात्र जिज्ञासा शामिल हैं। छात्र–छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे प्राप्त राशि से ई–स्कूटी खरीदेंगे। जिससे वे आगे की पढ़ाई हेतु आने–जाने में उपयोग करेंगे। इसके साथ ही आगे की पढ़ाई के लिए भी वे राशि का उपयोग करेंगे।

## मनोरंजन व मॉर्निंग वॉक की सुविधा देने के लिए जुलाई में ही शुरू होगा प्रोजेक्ट

# मोती सागर-खदान डबरी को मरीन ड्राइव जैसा बनाने एजेंसी तय, निर्माण इसी माह से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम ने दो तालाबों को मरीन ड्राइव जैसा लुक व सुविधा देने की तैयारी शुरू की है। जिन दो तालाबों को इसके लिए चिन्हांकित किया है, उनमें पाथवे, लाइटिंग, फव्वारे लगाते हुए बाउंड्री भी बनाई जाएगी। निगम ने इसके लिए निर्माण एजेंसी तय की है। मोती सागर व खदान डबरी तालाब को जुलाई में लोगों की सुविधा के अनुरूप बनाने के लिए एजेंसी से काम शुरू करवाने की तैयारी है। 12 महीने में मोती सागर को विकसित करने की तैयारी है।

हरिभूमि सरोकार

निगम के 40 वार्डों में तालाब तो कई हैं, लेकिन उन्हें निगम घूमने-फिरने लायक नहीं बना पाया है। अब क्षेत्र के दो तालाबों को मरीन ड्राइव जैसा बनाने और रोजी-मजदूरी करने वालों को मनोरंजन की सुविधा देने प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने एजेंसी तय की है। छुट्टी के दिन लोग समय बिता सकें, साथ ही इनके आसपास लोगों को खान-पाने की बेहतर सुविधा भी मिलेगी। अभी इसके लिए निगम के किसी भी वार्ड में एक भी स्पाट नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर के खदान डबरी तालाब को मरीन ड्राइव की तरह विकसित करने के लिए 3 करोड़ 92 लाख 68 हजार का प्रस्ताव है। वहीं मोती सागर तालाब के लिए डेढ़ करोड़ से ज्यादा की स्वीकृति मिली है। इस तालाब का कायाकल्प करने के लिए जुलाई में ही काम शुरू होगा। इसके लिए एमआईसी से हरी झंडी मिलने के बाद जिम्मेदारों ने एजेंसी को वर्कआर्डर दिया है।




### तालाब क्षेत्र से हटाया कब्जा

मोती सागर तालाब का सौंदर्यीकरण कराने के लिए निर्माण एजेंसी तय करने से पहले तय एरिया को कब्जा मुक्त कराने का जिम्मेदारों ने इंतजाम करते हुए विस्थापन दिया। अब तालाब क्षेत्र पूरी तरह से कब्जा मुक्त है। इसे देखते हुए निगम ने जुलाई में ही काम शुरू करने के लिए एजेंसी को वर्कआर्डर किया है। इस प्रोजेक्ट को 12 महीने में पूरा करने समय दिया है। तालाब की सफाई के बाद चारों तरफ पाथवे का निर्माण होगा। इसमें लाइटिंग के साथ ही पचरी और इस तालाब क्षेत्र में पाथवे बनने से लोगों को घूमने-फिरने की सुविधा मिलेगी।

### इसी महीने में शुरू होगा काम

लोगों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तरह विकसित किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी तय हो गई है। मोती सागर तालाब में जुलाई से ही काम शुरु होगा। महीने के अंतिम दिनों में खदान डबरी का काम शुरु करवाने की तैयारी है।

**- बृजेश कुमार क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### सफाई के बाद अब होगा काम

निगम ने जिन दो तालाबों को मनोरंजन के लिहाज से विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इनमें तालाब का काम शुरू करने से पहले सफाई कराई जाएगी। निर्माण होने से पहले तालाब सफाई को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे सौंदर्यीकरण को किसी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सकेगा। इसे देखते हुए खदान डबरी तालाब और मोती सागर तालाब क्षेत्र में यह सुविधा लोगों को 12 से 15 महीने में देने की तैयारी है। खदान डबरी तालाब में गहरीकरण की जरूरत नहीं है। इसमें सिर्फ जरूरी काम ही तालाब के आंतरिक हिस्से में किया जाएगा।

# पुलिया क्षतिग्रस्त, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम अरमरीकला से जेवरतला मुख्य मार्ग से ग्राम मोहारा जाने वाले पहुंच मार्ग पर धान खरीदी केंद्र के समीप खेतों से बांध में पानी निकासी के लिए मार्ग में पाइप लगाकर पुलिया गनाई गई है। यहां पुलिया के बीचों बीच लगभग तीन फीट बड़ा गड्ढा बन गया है। इसके कारण आए दिन इस मार्ग पर चलने वाले राहगीरों व दो पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। 5 दिन पहले इस गड्ढे में एक गाय अचानक गिर गई, जिसे गांव वालों ने बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। मोहारा निवासी झामेश्वर साहू, डामन सिन्हा ने बताया कि रोज सैकड़ों लोग अरमरीकला बैंक, अस्पताल, बाजार एवं कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। अक्सर रात्रि के समय उक्त गड्ढा नजर नहीं आता, जिससे दुर्घटना ग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त गड्ढे को पाटने के लिए न तो संबंधित विभाग वाले ध्यान दे रहे हैं और न ही गांव के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि। उन्होंने इस पुलिया की शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

# पर्यावास बिल्डिंग के चौथे माले से कर्मी ने कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मृतक सीनियर क्लर्क था, पारिवारिक तनाव की वजह से खुदकुशी करने की आशंका
- पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है

नवा रायपुर में पर्यावास भवन में सीनियर क्लर्क के पद पर पदस्थ एक व्यक्ति ने शुक्रवार को कार्यालयीन समय में बील्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को पारिवारिक तनाव की वजह से सीनियर क्लर्क द्वारा खुदकुशी करने की आशंका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय नरेश साहू ने बिल्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी की है। बिल्डिंग से कूदने की वजह से नरेश का सिर जमीन में टकराते ही फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें नरेश अपने कार्यालय से निकलकर रेलिंग को पार करते और कूदते दिख रहा है। नरेश पर्यावास कार्यालय में वरिष्ठ लेखा सहायक के पद पर पदस्थ था। घटना सुबह 10 बजकर 40 मिनट की है। नरेश चौथे माले से जैसे ही कूदकर नीचे गिरा, उसके जोरदार चीखने की आवाज आई।

चीख सुनकर लोग ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे तो वहां नरेश के सिर से खून बह रहा था और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है, उसकी तीन साल पहले शादी हुई है और उसकी एक बेटी है।

# व्यापारी एकता पैनल की बैठक में जिम्मेदारी तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की कोर ग्रुप की बैठक आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि 9 जुलाई को बैठक की जाएगी।
बैठक की सफलता के लिए कार्य विभाजन एवं जिम्मेदारियां तय की गई हैं। राजकुमार राठी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। प्रिंट मीडिया की जवाबदारी राजेश वासवानी को सौंपी गई है। पूर्व पदाधिकारी एवं पिछले चुनाव में पूरे प्रदेश में चुनाव लड़े प्रत्याशी एवं प्रमुखजन की जवाबदारी श्रीचंद सुन्दरानी एवं योगेश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल को दी गई है।
कोरबा एवं रायगढ़ क्षेत्र के सदस्यों से संपर्क के लिए अमर गिदवानी, रायपुर की चेतन तारवानी, राजेश गुरनानी, वासुदेव जोतवानी, चंदर विधानी, राजू भाई तारवानी, जितेन्द्र बड़वानी, सुदेश मंध्यान, प्रकाश लालवानी, गौतम लुनिया, आशीष जैन, राधाकिशन सुन्दरानी, दीपक बल्लेवार, अमर खट्टर, महेन्द्र आहूजा, को दी गई है। कानूनी रूपरेखा तय करने के लिए शिव ग्वालानी, वासुदेव जोतवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

## पेज 3 के शेष...

### सांप ने डसा...

घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। **सांप डसे तो तत्काल इलाज कराएं-** उल्लेखनीय है कि सांप के डसने पर जल्द इलाज शुरू करना चाहिए न कि झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वास में पड़कर मरीज की जान को खतरे में डालना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के पास स्नेक बाइक के टीके एंटी वेनीन व एंटीडोट अस्पताल में उपलब्ध रहते हैं। **बरसात के मौसम में रखें विशेष ध्यान-** नवागढ़ बीएमओ डॉ एमएम रजा ने बताया कि अस्पताल पहुंचने तक मरीज की तबीयत काफी बिगड़ चुकी थी। यहां उसे बचाने का भरसक प्रयास किया गया, लेकिन तबीयत बिगड़ता देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सांप बिलों, झाड़ियों, नदियों व तालाब आदि से बाहर निकलते हैं, जिस कारण उनके काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

### शिक्षकों का...

प्रशिक्षण में 100 शिक्षकों को बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी जिला स्रोत व्यक्ति अपने प्रतिदिन की फीडबैक रिपोर्ट को डाइट प्राचार्य और डीईओ को गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे। श्री घृतलहरे ने कहा कि बीईओ, बीआरसी स्वयं जाकर एक बार प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर लें। सभी प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि विकासखण्ड में आफलाइन प्रशिक्षण का यह प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर के द्वारा निर्देशित है। अतः इसे पूरी गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त बीईओ, एबीईओ बीआरसी उक्त प्रशिक्षण की निरंतर मानीटीरिंग करेंगे। इस प्रशिक्षण में एक दिवसीय स्कूल में जाकर अवलोकन रिपोर्टिंग भरने का प्रायोगिक कार्य भी किया जाना है, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के पांच दिवस पूर्व दो-दो घंटे की ऑनलाइन पांच कक्षाएं भी होगी। जिसमें जिले के सभी सीएससी अनिवार्य रूप से जुड़ेंगे और प्रशिक्षण के 10 दिन पश्चात पुनः दो-दो घंटे की ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतया आवासीय है। बैठक में बेरला से बीईओ जय प्रकाश करमाकर, बीआरसी खोम लाल साहू एवं साजा विकासखण्ड से बीईओ निलेश कुमार चन्द्रवंशी, बीआरसी बी डी बघेल, बेमेतरा से बीईओ अरुण खरे, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, नवागढ़ से लोकनाथ बांधे सहित डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे सहित सभी अकादमिक और कार्यालयीन सदस्य उपस्थित थे।

### शासकीय उमा...

व जूनियर बालक/बालिका राज्यस्तरीय हाकी प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। जिसमें जिले की हॉकी टीम की बालिकाओं ने अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया। यह पहला अवसर है, जब बेमेतरा जिले के हॉकी टीम बालिका वर्ग में सेमीफाइल में प्रवेश किया। इसी तरह बालक वर्ग में भी बेमेतरा की टीम क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। इनकी इस उपलब्धि पर शा.उच्च.माध्य. विद्यालय बारगांव के प्राचार्य तीक्ष्ण साहू एवं सभी स्कूल स्टाफ ने बच्चों को बधाई देते हुई इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### देवकर नगर में...

मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री लाभचन्द बाफना के साथ जैन समाज के छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के पदाधिकारी शामिल रहेंगे। इस चातुर्मास प्रवेश पर स्थानीय महिला मण्डल, बहू मण्डल, बालिका मण्डल द्वारा नवकार मंत्र गीत, स्वागत गीत, आदि प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही पधारे हुए अतिथियों का अभिनन्दन किया जायेगा एवं सन्तों द्वारा प्रवचन, आशीर्वाद मांगलिक होगा। आयोजित इस चातुर्मास प्रवेश में दुर्ग, रायपुर, भिलाई, साजा, धमधा, परपोडी, थानखमरिया, बेमेतरा, बेरला आदि और भी बहुत से जैन श्री संध के लोग उपस्थित होंगे।

### जनसंघ संस्थापक...

आज कश्मीर से 370 हट गया । और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हो गया। आने वाले नई पीढ़ी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान को याद रखना चाहिए । इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू , पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, युगल देवांगन विजय सुखवानी, संतोष वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, गोपी देवांगन, विकास घरडे, निखिल साहू, तुषार साहू,परमेश्वर गायकवाड, तुषार साहू, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, अजीत कुरैशी, राजू देवांगन, राकेश वर्मा, ओमकार साहू, कमलेश वर्मा, देवनाथ पाल, मनीष छाबड़ा, राजकुमार खांडे, थानेस्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, जितेंद्र मंत्रे, राजीव तंबोली, विकाश तंबोली, देवनाथ पाल उपस्थित थे।

# संस्कार के साथ रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के 7वें स्थापना दिवस पर श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए एवं अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम ने की।

मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के उपरांत प्रतिकुलाधिपति श्री गौतम ने अपने स्वागत उद्बोधन में यूनिवर्सिटी के संस्थापक अनंत विभूषित श्री रविशंकर महाराज द्वारा स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा की राह में अथक प्रयासों एवं उनके उद्देश्य का वर्णन करते हुए बताया कि रायपुर में आईटीआई इंस्टिट्यूट से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी तक का सफर निरंतर अग्रसर है और आज यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों के साथ सफलता के नित-नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विविध आयामों में यूनिवर्सिटी की उप्लब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आईआईआरएफ रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 के गौरवपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख किया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्ता रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना रावतपुरा सरकार महाराज का ध्येय रहा है, जिसकी प्राप्ति के लिए विश्विद्यालय हमेशा क्रियाशील रहा है।

### युवाओं को दी नई दिशा

मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अपनी स्थापना के 7वें वर्ष में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करके वैश्विक स्तर पर नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गुरुदेवश्री की आध्यात्मिक दूर दृष्टि एवं प्रभावी मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए इस यूनिवर्सिटी ने युवाओं को नई दिशा एवं उत्साह प्रदान किया है।



- सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव एवं रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी का स्थापना दिवस
- उप मुख्यमंत्री साव ने किया सम्मानित

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं शिक्षकों ने संगीत के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन डॉ. सागर साहू ने किया। यूनिवर्सिटी के उप कुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में डीन एकेडेमिक डॉ. आरआर बिराली ने सभी को यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया, इनमें शुभम नामदेव जनसंपर्क अधिकारी, शिवांगी शुक्ल एग्जीक्यूटिव एडमिशन, प्रांतिक आचार्य लेखा प्रबंधक, महेंद्र कल्यारे एचआर सहायक, अमन सिंह गहरवार स्टोर इंचार्ज, डॉ. मिथिलेश सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. आशीष कुमार सरकार सह प्राध्यापक, डॉ. वीणा देवी सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. कौशल कुमार सहायक प्राध्यापक, डॉ. ईश्वर प्रसाद यदु, अखंड प्रताप सिंह , डॉ. सिंदुरा भार्गव, उत्तम वैष्णव, राहुल गुप्ता शामिल रहे। विवि में योग के क्षेत्र में इतिहास रचने वाले विद्यार्थियों, योग विभाग से छाया जैन, ज्योति दीपक, प्रीटी साहू और पुष्प साहू ने इंडो-नेपाल यूथ गेमस 2023 में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को विश्वपटल में गौरवान्वित किया है, उन्हें सम्मानित किया गया।

# पवन साय, राजेश मूणत ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति संरक्षण हेतु एक अनोखी पहल करते हुए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम जैसा अभियान चलाया है। इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम में विधायक राजेश मूणत और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंत पटेल, भूपेन्द्र ठाकुर, अशोक पांडेय, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा, ओंकार बैस, बजरंग खंडेलवाल,अमित मैशेरी, नवीन शर्मा, नीलम सिंह, विशाल पांडेय, मनोरमा हनौतिया, दिनेश शर्मा, नवीन सिंह, अशोक भल्ला,दीपक जायसवाल, कमलेश वर्मा, अमर बंसल,ओखराज पटेल, अशोक ठाकुर, शिव ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा 28 को

**अर्जुंदा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्रामीण अंचल का विशाल समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा का आयोजन 28 जुलाई रविवार को होगा। आयोजन समिति के पंकज चौधरी ने बताया कि मातृशक्ति की कुंवारी माता सहित हजारों की संख्या में शिवभक्त काँवड़ यात्रा में शामिल होंगे। काँवड़ यात्रा तीन रास्तों से होकर कमरौद पहुंचेगी, ग्राम मटिया, अर्जुदा से टिकरी होते हुए कमरौद, खुटेरी से कोड़ेवा धनगांव, चौरेल से कुरदी, कमरौद और मटिया से अर्जुन्दा, टिकरी, परसतरई, परना, डुंडेरा से कमरौद तक बोल बम के जयकारे से गूंज के सांथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर महामृत्युंजय जाप और महाभोग संगीत उत्सव होगा। कांवड़ यात्रा भाजपा आयोजन समिति के पंकज चौधरी ने बताया कि यह यात्रा लगभग 15 किलोमीटर की होगी। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के भजन, कुंवारी माता की यात्रा और शिव भगवान पर आधारित चलित झांकियां व आर्कषक डीजे ढोल, ताशे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके साथ ही कांवड़ यात्रियों पर गांव–गांव में ऐतिहासिक पुष्प वर्षा की जाएगी। कावड़ यात्रा में सुप्रसिद्ध भजन शिव भजनों की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी।

### प्रांतस्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में लीशा दूसरे स्थान पर

**बालोद** । प्रांत द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में लीशा यादव ने परचम लहराया। सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विद्यालय पिरीद



लीशा यादव ने प्रांत द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में द्वितीय स्थान अर्जित कर अपने विद्यालय, माता पिता, गुरुजनों का नाम रोशन किया है। संस्था की प्रधानाचार्य मेनका चन्द्राकार ने बताया कि विगत 14 मई को सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा मेधावी छात्र परीक्षा में प्रांत के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा तृतीय से 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। उनमें सरस्वती शिशु मंदिर पिरीद की लीशा यादव पिता टीमन लाल यादव ने 100 में से 91 अंक अर्जित कर प्रांत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बहन लीशा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संयोजक एवं सलाहकार मंडल यादव प्रसाद निर्मलकर, प्रधानाचार्य मेनका चन्द्राकार एवं उनके आचार्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण के लिए आवेदन 12 तक

**बालोद।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं के कौशल उन्नयन करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न संकाय में प्रशिक्षण लेने हेतु 12 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि योजना अंतर्गत विभिन्न संकायों सेक्यूरिटी गार्ड, फोर व्हीलर सर्विस असिसटेंट, स्वींग मशीन ऑपरेटर (सिलाई), ब्यूटी थेरेपिस्ट एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन संकाय में प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ 12 जुलाई तक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बालोद (शासकीय आईटीआई हॉस्टल भवन बालोद) में कार्यालयीन समय में संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### मिक्चर मशीन चोरी करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** मिक्चर मशीन चोरी मामले में पुलिस 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 379, 411, 414,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि रिसाली सेक्टर ब्लाक 266 में नाली निर्माण का काम चल रहा है।

**शिविर : ग्राम कुरदी में लगा साल पहला जिलास्तरीय जन समस्या निवारण शिविर**

# मांगों व समस्याओं के निराकरण के लिए आम जनता के बीच पहुंचा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में इस वर्ष का पहला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 748 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से कुल 192 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ग्राम कुरदी में प्राथमिक शाला के नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। शिविर में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज, सौरव लुनिया, नरेश यदु, ठाकुर राम चन्द्राकर, डॉ. नारायण यदु सहित अन्य जनप्रतिनिधी के सांथ अधिकारी–कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्राम कुरदी एवं अंचल के ग्रामीण उपस्थित थे। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर ग्रामीणों के माँगों और समस्याओं के निराकरण के उपायों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर ग्रामीणों के माँगों और समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

■ शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 748 आवेदन मिले

**सहायता राशि सहित सामग्री वितरित-** शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा राज्य आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले के स्व सहायता समूह को विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन हेतु अनुदान राशि के रूप में जय माँ शाकम्भरी स्व सहायता समूह, जय माँ तुलसी स्व सहायता समूह, जय सतनाम स्व सहायता समूह, राधे कृष्णा महिला यादव समाज स्व सहायता समूह, उज्ज्वल स्व सहायता समूह को 15–15 हजार रुपये तथा आशा स्व सहायता समूह, शारदा स्व सहायता समूह, कलश स्व सहायता समूह, अष्ट लक्ष्मी स्व सहायता समूह, जय हिन्द स्व सहायता समूह को 60–60 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को पोषण बाड़ी योजना अंतर्गत बीज एवं पौधे वितरण, समाज कल्याण विभाग के योजना के अंतर्गत 03–03 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, छड़ी एवं 01 हितग्राही को बैसाखी प्रदान किया गया। इसके अलावा 18 किसानों को किसान किताब के वितरण के अलावा 25 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, 30 विद्यार्थियों को निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है। शिविर में अतिथियों के द्वारा नन्हें–मुन्हें बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा 05 मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट भी प्रदान किया गया।

**जिपं अध्यक्ष ने की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील-** जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने आम नागरिकों से जन समस्या निवारण में उपस्थिति प्रदान करने तथा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा किसान, ग्रामीण तथा आम जनता के कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्रकाश डाला। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर प्रशासन के आला अधिकारियों तथा मैदानी अमले के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने का बहुत ही कारगर माध्यम है। चन्द्रवाल ने ग्रामीणों एवं आम नागरिकों से जन समस्या निवारण शिविर में अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित होने तथा शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**विभागवार आवेदन-** शिविर में ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग से 370 आवेदन में से 84 आवेदन, परिवहन विभाग से प्राप्त 25 आवेदनों में से 25 आवेदन, सहकारिता विभाग से प्राप्त 04 आवेदनों में से 02 आवेदन, खाद्य विभाग से प्राप्त 22 आवेदनों में से 01 आवेदन, वन विभाग से प्राप्त 01 आवेदन, कृषि विभाग से प्राप्त 15 आवेदनों में से 15 आवेदन, लोक निर्माण विभाग में से प्राप्त 09 आवेदनों में 09 आवेदन, स्वास्थय विभाग से प्राप्त 07 आवेदनों में से 01 आवेदन, जल संसाधन विभाग से प्राप्त 05 आवेदन में से 05 आवेदन, क्रेडा विभाग से 08 आवेदनों में से 08 आवेदन, शिक्षा विभाग से प्राप्त 14 आवेदनों में से 03, महिला एवं बाल विभाग से प्राप्त 37 आवेदनों में से 01, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त 22 में से 19 आवेदनों को मौके पर ही निरा—त किया गया। इसके अलावा शिविर में समाज कल्याण विभाग से 73, राजस्व विभाग से 86, विद्युत विभाग से 28, पशु चिकित्सा विभाग से 01 तथा लोक सेवा केन्द्र से संबंधित कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए थे।

#### एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव की दी जानकारी

कलेक्टर चन्द्रवाल ने सभी विभाग के अधिकारियों से अपने–अपने विभागों में प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर एनडीआरएफ की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदाओं से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी देने के लिए डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया।





#### प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ करें आवेदनों का निराकरण : निषाद

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम नागरिक अपने माँगों एवं समस्याओं के निराकरण के प्रति बड़ी आशा और विश्वास के साथ जन समस्या निवारण शिविर में पहुँचते हैं। इसलिए हमारे अधिकारी–कर्मचारियों को विशेष प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करना चाहिए।

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में हो सकती है कार्रवाई

**अनुविभागीय दंडाधिकारी ने कहा, शिकायत मिली है, जांच के बाद होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा के समीप आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम ब्लॉक बिटाल क्षेत्र में पंचायत प्रतिनिधि उपसरपंच बलवंत साहू द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व सरपंच गंगाबाई आर्य ने अवैध कब्जा को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय संबंधित मंत्रियों के अलावा जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और दल्ली राजहरा एसडीएम आर के सोनकर सहित जनप्रतिनिधियों से शिकायत की थी। उक्त प्रमाणित दस्तावेज के आधार पर 8 अप्रैल को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर का प्रकाशन किया था। खबर प्रशासन के बाद लोकसभा चुनाव और आचार संहिता लगी हुई थी, जिसके कारण कार्रवाई नहीं हो पाई थी। परंतु अब जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन अवैध कब्जा पर कार्रवाई कर सकता है, इस तरह के संकेत मिले हैं। पूर्व सरपंच गंगाबाई आर्य ने बताया कि अनुविभागीय दंडाधिकारी आरके सोनकर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि शासकीय भूमि पर कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के कब्जा कर रहा है, तो शासन के नियम अनुसार कड़ी और बड़ी करवाई की जाएगी। इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी आर के सोनकर ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, जांच चल रही है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

#### पूवजों द्वारा काबिज जमीन पर कर रहे जीवन-यापन : बलवंत

वहीं, इस संबंध में उप सरपंच बिटाल बलवंत साहू कहते हैं कि शासकीय पद पर रहते हुए उन्होंने कोई भी शासकीय भूमि पर कब्जा नहीं किया है। वे गरीब व्यक्ति हैं। पूर्वजों द्वारा जो भूमि पर कब्जा है, उस पर वे अपना जीवन यापन निर्वाह कर रहे हैं। व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण गंगाबाई आर्य शिकायत कर रही हैं।

# शासकीय स्कूल मोखा के विद्यार्थियों ने नागेश्वर को चुना अपना शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोखा में छात्र संघ का गठन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य गंगाधर नेले के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में छात्र संघ गठन के लिए व्याख्याता सेवक राम देवांगन चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए। जिस प्रकार भारतीय लोकतंत्र में चुनाव होता है ठीक उसी प्रकार विद्यालय में भी मत पत्र द्वारा मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। चुनाव लड़ने वाले विद्यार्थियों को नामांकन, नाम वापसी, प्रचार–प्रसार के लिए समय दिया गया। शिक्षक – शिक्षिकाओं ने मतदान दल का दायित्व निर्वहन करते हुए छात्र–छात्राओं को मत पत्र द्वारा मतदान कराया। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, जिसमें नागेश्वर कक्षा 12 वीं वाणिज्य शाला नायक, त्रिलोकचंद 11वीं विज्ञान उप शाला नायक, रोशनी साहू 12वीं वाणिज्य बागवानी सचिव, टिलेश्वरी साहू 12वीं कला बागवानी उप सचिव, दीपिका साहू 12वीं वाणिज्य छात्र प्रतिनिधि, वंदना साहू 11वीं विज्ञान क्रीड़ा सचिव, ताम्रध्वज साहू 12वीं कला अनुशासन सचिव, लोकेश्वरी साहू 12वीं कला अनुशासन उप सचिव, गरिमा यादव 11वीं वाणिज्य सांस्कृतिक सचिव, योगिता साहू 11वीं वाणिज्य सांस्कृतिक उप सचिव, केशर सिन्हा 11वीं विज्ञान विज्ञान प्रतिनिधि एवं टामेश सिन्हा विज्ञान उप प्रतिनिधि नियुक्त हुए।

इसी प्रकार कक्षा नायक व उपनायक में कक्षा 9वीं अ कीर्तिका, डोमेश्वर कुमार, 9 वी ब टेकराम, लेंसी साहू, 10 वी साहिल कुमार, वेदिका साहू, 11वीं कला तृप्ति साहू, आयुष कुमार, 11वीं विज्ञान तेजस्वी साहू, मिताली साहू, 11वीं वाणिज्य प्रियंका ठाकुर, भानु प्रताप यादव, 12वीं कला सिमरन साहू, मेहुल कुमार, 12वीं विज्ञान हिमांशु साहू, तनुजा साहू और 12वीं वाणिज्य डालिमा साहू, कोमल साहू नियुक्त हुए।



लोकतांत्रिक पद्धति से हुआ छात्रसंघ चुनाव

# शासकीय विद्यालय बिरेतरा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला बिरेतरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। संकुल प्रभारी एमएल ठाकुर, संकुल समन्वयक राजेंद्र कुमार साहू, ग्राम पंचायत बिरेतरा सरपंच दुर्गा सोरी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्राथमिक विभाग थानेश्वर साहू बिसौहा राम यादव गांव के विशिष्ट जन अरुण कुमार साहू सहित अन्य पालकों ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन प्रधान पाठक माध्यमिक विभाग जीएस ठाकुर ने किया। कक्षा पहली और छठवीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्हें निशुल्क गणवेश व पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर न्योता भोज के तहत प्राथमिक प्रधान पाठक माध्यमिक प्रधान पाठक के द्वारा बच्चों को खीर पूड़ी मिठाई चावल दाल सब्जी चॉकलेट दिया गया।आभार प्रदर्शन प्राथमिक प्रधान पाठक पीके साहू ने किया।



# कोड़ेकसा सहित 5 गांवों में खुला सरस्वती शिक्षा केन्द्र

डौण्डीलोहारा। ब्लॉक के वनांचल ग्राम कोड़ेकसा, लोहारटोला, रूपुटोला, भीमपुरी एवं भंवरमरा में 4 जुलाई को वनांचल शिक्षा सेवा न्यास सरस्वती शिक्षा केन्द्र का उद्घाटन किया गया। यहां छोटे- छोटे बच्चों को संस्कारिक, नैतिक, बौद्धिक की प्रतिदिन 3 घंटे शिक्षा दी जाएगी। यहां बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। नेमन साहू रेंगाडबरी ने बताया कि मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ केन्द्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में निलिमा टेकाम सरपंच लोहारटोला, सरपंच डॉ पुरूषोत्तम साहू कोड़ेकसा एवं जिला समन्वयक पुषणलाल भुआर्य, अमिरदास कृषाणे संकुल समन्वयक ग्वालसिंग आचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर दल्लीराजहरा, आचार्य भूपेश कुमार, आचार्य दीदी डिम्पल टेकाम, नुतन सहारे, आचार्य लेखराम एवं समस्त सम्माननीय नागरिक व बच्चे उपस्थित थे।



प्रसाद वितरण कर सरस्वती शिक्षा

**विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में सांसद विजय ने किया सम्मान**

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भोथली के सरपंच सुरेश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालेद/निकुम

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग के तत्वावधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय शाला परिसर उतई में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत भोथली के दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू को शिक्षा के क्षेत्र बेहतर कार्य करने के लिए शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। शासकीय सहयोग के बंद होने के बावजूद समाज में निःस्वार्थ भाव से व्यक्तिगत सहयोग से प्रारंभ हो रहा है। दुर्ग जिले की प्राथमिक शाला भोथली में दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले इस थीम पर सरकारी स्कूल की तस्वीर ही बदल दी है। इस स्कूल में बच्चों के सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा है, पूरे स्कूल में डिजिटल एजुकेशन, जीकेके लिए 5 स्मार्ट टीवी दान स्कूल में किया है। वहीं आंगनबाड़ी भोथली में भी स्मार्ट टीवी दिया, परिणाम स्वरुप बच्चे रोते नहीं खेल खेल में पढ़ते लिखते हैं। स्कूल में मिड डे मील के वेस्ट पानी को रिसाइकिल कर पेड़ पौधों में सिंचाई करने, भोजन कक्ष में रंगरोगन, टाईल्स सहित स्कूली बच्चों के लिए प्रोजेक्टर भी लगवाया है। स्कूल में बच्चे कलरफूल डेस्क बेंच पर पढ़ते हैं। स्कूल में शिक्षक की कमी हुई, तो सरपंच ने मानदेय पर शिक्षक की व्यवस्था कर दी। इस सत्र में कक्षा पहेली में 14 नवप्रवेशी को प्रवेश भी पौधारोपण कर हरियाली का महत्व बताया। स्कूल में बेहतर शिक्षा व कई बार बच्चों को न्यौता भोजन करा कर ग्रामीणों को भी प्रोत्साहित कर अच्छी पहल करने पर सम्मानित किया।



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**



## शासकीय विद्यालय कन्हेरा में किया गया पौधारोपण

**बेमेतरा।** शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कन्हेरा, विखं साजा, जिला बेमेतरा में एक पेड़ माँ के नाम के तहत शाला में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राओं द्वारा शालेय परिसर में पौधा लगाया गया, जिसमें आम, नीनू, पीपल, अशोक वृक्ष, जामुन, गुलमोहर एवं विभिन्न प्रकार फूलों के पौधे लगाए गए। शाला के प्रधानपाठक द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को पौधे के पालन पोषण हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कन्हेरा के प्रधान पाठक आगरदस मनहरे व शिक्षिका रश्मि बंजारे तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा के प्रधान पाठक चौवन सिंह वर्मा, शिक्षिका पुष्पा साहू,रेखा साहू, शिक्षक मोहन कुमार बंजारे, टोपलाल गेंद्रे उपस्थित थे।

## सरजू, गजेंद्र व चंद्रशेखर ने स्कूल के लिए दिया साउंड सिस्टम



**बेमेतरा।** पूर्व माध्यमिक शाला खिलोरा में ग्राम के सरजू गजेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू द्वारा स्कूल में साउंड सिस्टम प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच विचार व्यक्त करते हुए बताया कि इस साउंड सिस्टम के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक विकास होगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता के लिए अच्छे से तैयारी कर पाएंगे। इस अवसर पर संस्था के हेड मास्टर पी आर पात्रे, मोहनी सोनी, आशीष, मनोज वर्मा एवं संकुल समन्वयक नीलेश सोनी मौजूद रहे। शाला परिवार ने साउंड सिस्टम देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## मुस्लिम महासभा में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग जायज : फिरोज

**बेमेतरा।** राजधानी रायपुर में 4 जुलाई को आयोजित मुस्लिम महासभा में प्रदेशभर के जामा मस्जिद के मुतवल्ली,दरगाह कमेटी के सदर,उर्स कमेटी के सदस्य व सेक्रेटरी सहित मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुए। उक्त महासभा में प्रमुखता के साथ गाय को



राष्ट्रीय पशु घोषित करने तथा देश मे बीफ निर्यात बंद करने की मांग को नगर पंचायत थान खम्हरिया के पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान ने जायज बताते हुए कहा कि गाय सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक है, जिसका मुस्लिम समाज सम्मान करती है। पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देश में लागू तीन नया कानून मे अब दंड नहीं न्याय की बातें होंगी। रायपुर में आयोजित मुस्लिम महासभा में पहली मांग गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाय, जिसके लिए आन्दोलन भी किया जाएगा। साथ ही देश आज बीफ निर्यात में विश्व में दूसरे नंबर पर आ खड़ा है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाय। पशु परिवहन व तस्करी पर पूर्णता प्रतिबंध लगाई जाय,आरंग मॉब लिचिंग की उच्च स्तरीय जांच कर आरोपी के उपर हत्या का मामला दर्ज करने तथा गौ तस्करी के नाम पर देश मे हो रही गुंडागर्दी पर पाबंदी लगाने जैसी मांगों से प्रदेश मे एक सामाजिक समरसता का माहौल तैयार होगा।

**कार्यक्रम : शिक्षक, अभिभावक संगोष्ठी एवं नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन**

# जवाहर नवोदय विद्यालय में धूमधाम से मना एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम, 300 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुए। प्रधानमंत्री के दूरगामी विजन "एक पेड़ माँ के नाम" के अंतर्गत विद्यालय परिसर में अतिथि के तौर पर मौजूद विधायक दीपेश साहू की उपस्थिति में 300 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।



आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर छठवीं, नौवीं एवं 11वीं कक्षा के नव-प्रवेशित छात्र- छात्राओं के अभिनंदन से किया गया। अभिभावक एवं विद्यालय परिवार ने विधायक का ध्यान "पेंडरी से नवोदय विद्यालय संपर्क-मार्ग ' के ख़स्ताहाल की ओर आकर्षित कराया। सुरक्षा एवं संरक्षा के दृष्टिकोण से यह संपर्क मार्ग बहुत गंभीर स्थिति में है जिससे होकर विद्यालय आने-जाने में अभिभावक एवं कुसमी के ग्रामवासी अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में जवाहर नवोदय विद्यालय के दसवीं एवं बारहवीं के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवं विद्यार्थियों की अन्य उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए ग्लोबल वार्मिग के चुनौतियों से निपटने के लिए क्रांतिकारी कदम बताया। छात्रों की ओर मुखाबित होते उन्होंने अपने बारे में बताया क 10 वर्षों तक एक शिक्षक की भूमिका के रूप में कार्य किया है । आप सभी नवप्रवेषित विद्यार्थी बहुत होनहार हो जिन्होंने बेमेतरा के लगभग 9020 बच्चों को पीछे छोड़ते हुए नवोदय विद्यालय के छात्र के रूप में चयनित हुए। हमें संविधान शिल्पी बाबा साहब अंबेडकर के जीवन संघर्षों से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। विधायक ने सड़क के मरम्मत के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विजय सिन्हा (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बेमेतरा), ताराचंद माहेश्वरी (समाजसेवक ) गंगाधर साहू (शिक्षक, ओंकार साहू, परमेश्वर साहू, रोहित साहू तथा सहित विद्यालय स्टाफ़ उपस्थित रहे।

## गर्रा स्कूल में बच्चों ने लगाए पौधे

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गर्रा में शनिवार को बेगलेस डे के दिन प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम अभियान में स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने हर्रा, कदम्ब, गुलमोहर व कनेर के पौधे लगाए। साथ ही सामूहिक रूप से पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। पौधारोपण गतिविधि में प्रधान पाठिका गायत्री मिर्झा के साथ शिक्षिका प्रेमप्यारी पात्रे व अर्पणा शर्मा ने भी पौधारोपण किया। इस गतिविधि में पर्यावरण के प्रति बच्चों में लगाव विकसित करने की प्रेरणा दी गई तथा हर्रा के आयुर्वेदिक महत्व को समझाते हुए बताया गया कि यह वात संतुलन गुण के कारण शरीर के दर्द को कम करने में भी मदद करता है। हरड़ खांसी और उससे जुड़ी समस्याओं जैसे सांस फूलना कम करने में भी उपयोगी है। यह भूख बढ़ाने वाला और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी मदद करता है। गुलमोहर की पत्तियाँ त्रिदोष नाशक है। कदम्ब की पत्तियों में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फूलों की कटिंग



लगाकर वेस्ट प्लास्टिक बॉटल का उपयोग करके वॉल डेकोरेशन कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## केंवतरा स्कूल में बच्चों ने लगाए पौधे

**बेमेतरा।** जिले में भी एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला केंवतरा विकासखण्ड साजा में शनिवार को बेगलेस डे के दिन प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम अभियान में स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने मरुस्थलीय गुलाब, नाग चंपा, मीठा नीम, गुलाब, जासवंत एवं कनेर के पौधे लगाए। साथ ही सामूहिक रूप से पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। पौधारोपण गतिविधि में प्रधान पाठक महेंद्र कुमार वर्मा के साथ-साथ वर्षा जैन, लेखा रजक, धर्मेंद्र कुमार गायकवाड़ ने भी पौधारोपण किया। इस गतिविधि में पर्यावरण के प्रति बच्चों में लगाव विकसित करने की प्रेरणा दी गई तथा कई आयुर्वेदिक पौधों के महत्व को बताया गया। साथ ही वनों के महत्व को बताया गया एवं निकटतम भविष्य में वनों की अंधाधुंध कटाई से होने वाली भीषण समस्या से अवगत कराते हुए बच्चों से सतत रूप से वृक्षारोपण करने की अपील की गई एवं वृक्षारोपण के पश्चात उस



वृक्ष की देखभाल करने की शपथ दिलवाई गई। बैगलेस डे के अंतर्गत आज बच्चों ने पुराने अखबार से वॉल हैंगिंग बनाना सीखा एवं विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से परिचित हुए।

## स्कूली बच्चों शिक्षकों और ग्रामीणों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखण्ड बेरला में एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत शनिवार के दिन बैगलेस डे पर पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों, शिक्षकों व ग्रामीण लोगों द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया । बच्चों और ग्रामीणों ने इन पौधों की सुरक्षा और संरक्षण करने का संकल्प भी लिया । कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल, प्राथमिक शाला साल्हेपुर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रकाश गायकवाड़, उत्तम कुमार गुप्ता, डागेंद्र निषाद, शिक्षक, संकुल समन्वयक कुशल कुंजाम, कुंती बाई, दुलारी बाई सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। साथ ही साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत एसएमसी की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें पौधों की सुरक्षा के लिए जाली तार की व्यवस्था, अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों की योजना निर्माण तथा शाला विकास की दशा एवं दिशा पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर ग्रामीणों ने जनसहयोग से शाला में पानी सरंक्षण के लिए टंकी सिंटेक्स की व्यवस्था, तार जाली की मरमत की व्यवस्था, तथा कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने पर सहमति बनी। उक्त व्यवस्था में सहयोग के लिए प्रधान पाठिका ने उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया।



प्राथमिक शाला साल्हेपुर में एक पौधा मां के नाम अभियान

# अपने कार्यों व चरित्र से समाज और परिवार में सुगंध फैलाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/थान खम्हरिया

कमल मुनि कमलेश राष्ट्रीय संत की कृपा पात्र इतिहास रचयिता डॉक्टर विजय श्रीजी मःसा श्री प्रियदर्शना मःसा आदि थाणा 6 सानिध्य थान खम्हरिया नगर में प्रवेश हुआ। जैन भवन आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया। अपने जीवन को सुंदर कैसे बनाया जाए। ज्ञान के प्रकाश की रोशनी कैसे फैलाए संदर्भ में विस्तार से बताया। आपने महावीर स्वामी के जीवन में प्रकाश डाला जैन धर्म विश्व के सबसे प्राचीन धर्म में एक है। इसके 24 तीर्थंकर हुए। जिनमें अंतिम प्रभु महावीर स्वामी है। जैन धर्म का उल्लेख जैन साहित्य और वैदिक साहित्य से मिलता है। जैन धर्म में दो संप्रदाय होते हैं, पहले श्वेतांबर दूसरा दिगंबर इसके धर्म ग्रंथ



■ जैन मुनियों का हुआ थान खम्हरिया नगर प्रवेश

आगम महापुराण से मिलते हैं। राग देसी शत्रुओं पर विजय पाने के कारण वर्धमान महावीर को उपाधि मिली थी। इसलिए उनके द्वारा प्रचारित धर्म जैन धर्म कहलाया। जैन धर्म अहिंसा का मूल सिद्धांत है, धर्म को बहुत मजबूती से मानता है। खानपान के नियमों का विशेष पालन किया जाता है। प्रभु जी तुम चंदन, हम पानी का भजन मधुर स्वर में आपके द्वारा सुनाया गया । चंदन का स्वभाव सुगंध फैलाना पानी का स्वभाव निर्मल ठंडा बताया गया। दोनों अपना स्वभाव कभी नहीं छोड़ते आपके द्वारा दुर्जन सज्जन व्यक्ति के बारे में विस्तार से बताया। आगे आपके द्वारा फूलों की महिमा का वर्णन करते हुए, मानव जीवन क्रिया कलापों के बारे में समझाने का प्रयास किया। गुलाब का फूल जैसा सुगंध फैलता है , उसी तरह मनुष्य को अपनी क्रिया से अपने चरित्र से समाज में, परिवार में, सुगंध फैलाना चाहिए।स

### 18 वर्ष पहले रखी थी श्री राम कृष्णा गौशाला की नींव

नगर में हुआ था। उसे समय उनके द्वारा स्व. मामराज अग्रवाल, घुना देवांगन व नगर वासियों के सानिध्य में श्री राम कृष्ण गौशाला की नींव रखी थी। आपके द्वारा गौशाला संचालित के लिए व्यवस्था बनाई गई थी। निरंतर 15 सालों से गौशाला संचालन किया जा रहा था। आपके द्वारा व जैन समाज के द्वारा गौ माता को गौशाला में पहुंच कर गुड व केला खिलाया गया। लेकिन विगत 3 साल से अव्यवस्था की जानकारी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। आपके द्वारा जैन समाज अग्रवाल समाज व सनातन धर्म के अनुयायियों से गौशाला के संचालन व्यवस्था में सुधार लाने की अपील की। इस अवसर पर लक्ष्मी चंद जैन, अनिल सिंघानिया, निखिलेश जैन, रमेश जैन, राजू जैन, लीलू जैन, अनमोल जैन, प्रेम चोपड़ा, मोहनी देवी चोपड़ा, सरिता जैन, प्रेरणा, रानी, प्रियंका, खुशबू, श्वेता, पीयूष जैन उपस्थित थे।

# समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर 8 से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

ऑनलाइन भुइयां में हो रही गंभीर समस्याओं के निराकरण नहीं होने एवं विगत वर्षों की मांगों की ओर शासन प्रशासन द्वारा निराकरण नहीं किए जाने के चलते 8 जुलाई से पटवारी आंदोलन करने जा रहे हैं। प्रांतीय आव्हान पर जिले के पटवारी संघ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है।

पटवारी संघ ने ज्ञापन में कहा कि ऑनलाइन भुइयां आ रही समस्याओं एवं विगत वर्षो संघ अपनी मांग रखते आ रही है। इन मुद्दों पर शासन प्रशासन निराकरण नहीं करने की स्थिति में सम्पूर्ण छतीसगढ़ में राजस्व पटवारी संघ के सदस्य अनिश्चित कालीन



संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हड़ताल पर 8 जुलाई से जाने के लिए बाध्य होंगे। जिनकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन सौंपने के प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष बोधी राम ,जिला सचिव अभिषेक माली, दिलीप रात्रे, विजय पाल, शैलेन्द्र जायसवाल, सोनिया अनंत, रोहित लहरी, देवेंद्र राजपूत, दिनेश ठाकुर, टूकेश्वर भारती, निमेश ध्रुव, अनुराधा, महेंद्र, अंकित गुप्ता, परस साहू, गुरुवचन डेहरे, गौरव साहू, सनत मंडावी, ऋषि निर्मलकर, अनिल क्षत्रिय, जानकी कुर्रे, नेहराम खुटे, सुंदर लाल घृतलहरे, विष्णु वर्मा, विनायक धर दिवान, रेखा दिवान, कमलेश चेलक, चंद्रप्रकाश साहू, मेघराज पटेल, लक्ष्मीकांत वर्मा, साकेत, रोशन वर्मा, धनेश्वर घृतलहरे , सेन कुमार घोष, दीपक, राजकुमार, राजन, नवरत्न, ज्योति, दिनेश नामदेव प्रमोद राजपूत, लोकेश ध्रुव, अभिषेक सोनी, ईश्वर ध्रुव, घनश्याम सेन, नरेंद्र राजपूत, अश्वनी भास्कर, लोकेश रात्रे, मुकेश,वैशाली गुप्ता, ओंकार सोनवानी, टोपु वर्मा,, भोमलता, स्वेता मिश्रा, भूमिका रानी, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

## श्री विष्णुधाम महायज्ञ ओटेबंद में रथयात्रा आज

**अंडा।** श्री विष्णुधाम महायज्ञ ओटेबंद मंदिर परिसर में श्री जगन्नाथ भगवान जी के रथ की सजावट हो चुकी है। रोहित चंद्राकर और शोभा साहू ने बताया कि श्री विष्णु धाम मंदिर ओटेबंद बगीचा में 7 जुलाई जगन्नाथ भगवान का प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना अभिषेक होगा। वहीं, दोपहर 1 नगर भ्रमण करने शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 5 बजे महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।






**एजेन्सी देना है...**

हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत **देवकर** में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

**हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा**
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342

**हरिभूमि कार्यालय, रायपुर**
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

# कोटवार की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने तहसीलदार को संघ ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/दाढ़ी

कोटवार संघ के पदाधिकारियों ने ग्राम छिरहा तहसील दाढ़ी में आयोजित राजस्व शिविर में ग्राम गोरखपुर कोटवार जुगरी मानिकपुरी पति स्व. रामदास मानिकपुरी के कोटवारी जमीन में से लगभग 2 एकड़ कोटवारी जमीन पर ग्रामावासियों द्वारा कब्जा कर लिए जाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उक्त कब्जा हटाने की मांग किए । ज्ञापन देने वालों में कोटवार संघ बेमेतरा दाढ़ी तहसील



अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, कोटवार गोरखपुर जुगरी बाई मानिकपुरी,कोटवार दमापुर पवन दास,कोटवार सोनपुरी वेदराम,कोटवार चरगवा महेश दास,कोटवार नगपुरा पवन दास,कोटवार नगपुरा रतन सिंह,कोटवार छिरहा सरोज बाई,कोटवार बदुआ कापा अनुजदास,कोटवार कठोतिया उमा गन्धर्व,कोटवार दिलीप सिंह,ग्राम कोटवार बीर शिंघी प्रेम लता कोटवार मजगव रामकुमांर गन्धर्व,कोटवार जंगलपुर आधार दास शामिल रहे ।